तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 14 जून 2026

11 पथ विक्रेताओं को साइबर सुरक्षा और डिजिटल लेनदेन की

12 गीता संस्कार समर कैंप से बच्चों में हो रहा आध्यात्मिक...







## खबर संक्षेप

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बालोद।** ग्राम डांडेसरा में महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डांडेसरा निवासी बिजमा साहू 45 वर्ष के पति अपने गोद लिए बच्ची को लेकर दुकान गए थे, जब पति दुकान से वापस घर आया तो देखा कि महिला अपने कमरे में प्लास्टिक रस्सी के सहारे फांसी लगा ली है। जिसके बाद महिला के पति ने आस पास के ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी ग्रामीणों के पहुंचने के बाद पुलिस को जानकारी दी गई। जहां पुलिस के पहुंचने के बाद शव को फांसी के फंदे से उतार कर पीएम के लिए भेजा गया। जहां पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार शादी के बाद बच्चे नहीं होने पर दोनों पति पत्नी की सहमति से एक बच्ची गोद लिया गया था। वहीं पुलिस आगे की जांच में जुट गई है पुलिस जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### नपा में पेयजल व्यवस्था का संयुक्त निरीक्षण

**बालोद।** नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बताया गया कि क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निरंतर बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और पीएचई विभाग के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम द्वारा वार्डों का निरीक्षण किया गया। नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि निकाय द्वारा झरण कुण्ड के समीप क्षेत्र वार्ड क्रमांक 10 एवं 12 के वार्डवासियों के लिये 04 शासकीय बोरवेल से पाईप लाईन के माध्यम से पर्याप्त पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इस दौरान वार्ड के नागरिकों एवं वार्ड पार्षदों ने बताया कि लगभग 50 वर्षों से झरण कुण्ड के पानी से निस्तारी का उपयोग किया जाता है, पेयजल संकट की समस्या नही है।

### कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी, कलेक्टर जनदर्शन में की शिकायत

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के ग्राम चिल्हाटीकला स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक राजेश कुमार यादव के विरुद्ध लगाए गए आरोपों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत प्रस्तुत कर निष्पक्ष जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लीलाधर मुख्य, सतीश साहू, कुलेश्वर भुआर्य, शुभम साहू, दिनेश राम, जनक लाल, दुष्यंत कुमार, गोवर्धन पिस्दा, इंद्रजीत, धर्मराज, अनीताबाई, गंगेश्वरी, कुसुमलता, चित्ररेखा सहित अनेक ग्रामीणों ने सौंपे गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि विद्यालय के प्रधानपाठक के कार्य व्यवहार एवं शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर पूर्व में भी कई शिकायतें की जा चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में जिला जनदर्शन, जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय तथा सुशासन तिहार कार्यक्रम के माध्यम से भी आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# एलएलबी परीक्षा में बांट दिया गलत प्रश्नपत्र, आधे घंटे बाद गलती सुधारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- लीड कॉलेज में अपराध शास्त्र विषय की परीक्षा के दौरान हुई चूक
- विद्यार्थियों को मिला अतिरिक्त समय



जिले के लीड कॉलेज में 13 जून को एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में दूसरे कोड का प्रश्नपत्र बांटने के बाद नए प्रश्नपत्र दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार घनश्याम सिंह महाविद्यालय में एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की अपराध शास्त्र विषय की परीक्षा के दौरान लापरवाही का मामला सामने आया। परीक्षा सुबह 11 बजे शुरू हुई, लेकिन विद्यार्थियों को गलती से उसी विषय से संबंधित दूसरे कोड का प्रश्नपत्र वितरित कर दिया गया। परीक्षा क्रिमिनोलॉजी, पेनोलॉजी, विक्टिमोलॉजी की थी जिसमें क्रिमिनोलॉजी, पेनोलॉजी का पेपर दिया गया था, कुछ छात्रओं को प्रश्नपत्र पर संदेह होने पर उन्होंने परीक्षा कक्ष में मौजूद शिक्षकों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद यह स्पष्ट हुआ कि छात्रें को दूसरे कोड का प्रश्नपत्र दे दिया गया था। महाविद्यालय प्रशासन ने लगभग आधे घंटे बाद सुबह 11:30 बजे नया प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया एवं परीक्षार्थीयो को आधा घंटा का अतिरिक्त समय दिया गया। परीक्षा के दौरान हुई इस घटना से विद्यार्थियों के बीच कुछ समय के लिए भ्रम और असमंजस की स्थिति बनी रही।

## हादसा

### बस को ओवरटेक करने के चक्कर में हुई दुर्घटना

# दो बाइक में भिड़ंत, युवक के सिर में घुसा फुटरेस्ट, तीन घायल, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बस को ओवरटेक करने के चक्कर में दो बाइक आमने सामने भीड़ गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक बाइक सवाल की हालत गंभीर बताई जा रहीं है।

मिली जानकारी के अनुसार पारास वार्ड क्रमांक–1 निवासी वामेन साहू 35 वर्ष पालिका में प्लेसमेंट कर्मचारी है। वह काम से लौटकर घर जा रहा था। इसी दौरान उसने एक बस को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इस दौरान सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वामेन उछलकर दूसरी बाइक के फुटरेस्ट पर



जा गिरा और लोहे का हिस्सा उसके सिर में घुस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे निकालने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद कटर मशीन मंगाकर फुटरेस्ट को काटा गया। घायल को फुटरेस्ट सहित एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार घुमका निवासी पुनाराम यादव 45 वर्ष अपनी पत्नी भगवंतीन 40 वर्ष के साथ बाइक से आमापारा स्थित अपनी साली के घर आ रहे थे। हादसे के दौरान वे सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में सड़क किनारे नाली में गिर गए, दोनों को मामूली चोटें आईं, लेकिन उनकी बाइक के फुटरेस्ट वामेन के सिर में घुस गया। मिली जानकारी के अनुसार वामेन साहू नगर पालिका में स्वच्छ भारत मिशन के तहत हेल्पर के रूप में कार्यरत है। पिता का निधन हो चुका है। परिवार में मां, पत्नी और दो बेटे हैं।

## मध्यान भोजन रसोइयों ने उठाई छह सूत्रीय मांगें

# 1 जुलाई से काम शुरू करने का लिया निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान भोजन रसोईया कल्याण संयुक्त संघ का बैठक हुआ। बैठक के पश्चात संघ ने अपनी छः सूत्रीय मांगो को लेकर शिक्षा अधिकारी को एवं प्रदेश स्तर पर संचालक को ज्ञापन सौपा है।

प्रदेश कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल कुदराम ने बताया खाना बनाने के लिए 1 जुलाई से रसोईया को स्कूल जाने की जानकारी देते हुए संचालक और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया, संघ ने कहा पूर्व वर्शो में रसोईये 16 जून से मध्यान भोजन बनाने का काम करते रहे लेकिन उन्हे कभी भी 16 जून से 30 जून तक मानदेय नहीं दिया जाता है, इसलिए संघ ने निर्णय लिया है कि रसोईये 1 ▶▶| शेष पेज 10 पर

# पलारी में कांग्रेस का अभेद्य गढ़ बरकरार भाजपा की पूरी ताकत भी नहीं तोड़ सकी किला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





- नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत, विधायक संगीता सिन्हा और पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा की सक्रियता को माना जा रहा बड़ा कारण

नगर पंचायत पलारी में कांग्रेस के अजेय गढ़ को भाजपा अपनी पूरी ताकत झौंकने के बाद भी जीत नहीं सकी। विधायक संगीता सिन्हा एवं पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा की कार्य शैली ने कांग्रेस के इस अभेद्य किले को और मजबूत कर दिया है।

नगर पंचायत पलारी वर्षों से ही कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है। भाजपा व मोदी लहर में भी भाजपा विधानसभा में जीति हो लेकिन तब भी पलारी में भाजपा, कांग्रेस से पीछे ही रही है। लोकसभा चुनाव की मे भी पलारी से कांग्रेस ने बढ़त बरकरार रखी थी। 2009 में कांग्रेस की फूलो देवी को 806 मत मिले थे, जबकि भाजपा के सोहन पोटाई को 745 मत ही मिले, 2014 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस की फूलो देवी 1195 मत, भाजपा के विक्रम उसैडी 1145 मत से आगे रही थी। जबकि 2014 में तो पूरे देश में मोदी की लहर थी। तब पलारी में भाजपा के मोहन मंडावी 1256 मत मिले, ब्रिजेश ठाकुर 1222 मत मिला था। यह बढ़ते 2024 चुनाव में भी रहा जब भाजपा के भोजराम नाग 1518 मत व कांग्रेस के ब्रिजेश ठाकुर 1238 मत मिला था।

बात करे विधानसभा चुनावों की तो 2008 के चुनावों में भाजपा के मदन साहू व कांग्रेस के प्रत्याशी से मात्र 4 मत से ही आगे रहे। जबकि मदन साहु पलारी क्षेत्र के ग्राम अरमरीकला के रहने वाले थे। स्थानीय के बाद उनकी बढ़त नाम मात्र की रही। इसके बाद तो भाजपा विधानसभा चुनावों में पलारी के बुथों में पिछड़ती रही। 2013 के चुनावों में भाजपा के प्रीतम साहू को 1130 मत मिला। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी 1421 मत लेकर 291 मतों से आगे रहे।

2018 के चुनावों में भाजपा के पवन साहू को यहां 1163 मत मिला था। कांग्रेस ▶▶| शेष पेज 10 पर

# 26 साल पुराना चिनार कॉम्प्लेक्स का शौचालय बदहाली का शिकार, सफाई के अभाव में बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- गंदगी और दुर्गंध से दुकानदार व आमजन परेशान, महिला-पुरुषों के लिए अलग प्रसाधन की भी नहीं व्यवस्था




शहर के चिनार कॉम्प्लेक्स में स्थित 26 साल पुराना शौचालय सफाई की बाट जोह रहा है। क्षेत्रवासियो ने बताया शौचालय की सफाई साल में दो बार ही होती है इससे कॉम्प्लेक्स में स्थित दुकान संचालकों को बदबू एवं गंदगी का सामना करना पड़ता है। गंदगी और बदबू के कारण प्रसाधन के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां महिला और पुरुष प्रसाधन अलग अलग नहीं है। जिसके कारण कॉम्प्लेक्स में कार्यरत महिला वा पुरुषों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जिला मुख्यालय के सदर रोड स्थित चिनार कॉम्प्लेक्स 26 साल पुराना है जो अत्यंत जर्जर हो चुका है, शौचालय में गंदगी का अम्बर लगा हुआ है, जहां बदबू ऐसी की कॉम्प्लेक्स परिसर में भी बदबू फैलती है। उक्त चिनार कॉम्प्लेक्स में हॉस्पिटल, मेडिकल स्टोर जैसे कई दुकान संचालित है, जहां हर दिन सैकड़ो लोगों का आना जाना लग रहता है। दुकानदार कुलदीप पिस्दा, राजू सोनी, ललित श्रीवास, एवन कुमार, भेष कुमार ने बताया कि यह शौचालय सन 2000 में बना है, शौचालय में सफाई साल में दो बार ही होती है, हमारे द्वारा बार बार सफाई की बात कहने पर ही शौचालय की सफाई होती है। उन्होंने बताया की हॉस्पिटल में इलाज वा परिजनों को देखने के लिऐ पहुंचने वाले लोगों के साथ मेडिकल या अन्य काम से पहुंचने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

जहां स्वयं दुकान संचालकों को भी गंदगी व बदबू से भरे प्रसाधन में जाना मजबूरी बन गया है। वहीं पुरुष जैसे तैसे उक्त प्रसाधन में चले भी जाते है, लेकिन उक्त कॉम्लेक्स के दुकानों में काम करने वाले महिलाएं कॉम्पलेक्स से काफी दूर प्रसाधन के लिए जाने को मजबूर है। वहीं प्रसाधन कक्ष का गेट भी टूटे होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय में सफाई नहीं होने से फिसलन जैसी स्थिति के कारण ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बालोद के राइफलमैन भोज राम साहू समेत वीर सपूतों के साहस को किया नमन

# शौर्य चक्र से सम्मानित वीर जवानों से मिले उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों शौर्य चक्र से सम्मानित वीर जवान एवं सुरक्षा बल के जवानों से उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने आज अपने नवा रायपुर अटल नगर स्थित निवास कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डीजीपी अरुण देव गौतम सहित जवानों के परिजन भी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ और देश को ऐसे वीर सपूतों पर गर्व है, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति का परिचय देते हुए असाधारण परिस्थितियों में भी वीरता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इन जवानों की बहादुरी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मुलाकात के दौरान शर्मा ने शौर्य चक्र से सम्मानित



इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट, इंस्पेक्टर रामेश्वर प्रसाद देशमुख तथा बालोद जिला के राइफलमैन भोज राम साहू के साहसिक कार्यो्र की सराहना की और उनके परिजनों से भी मुलाकात की, उन्होने कहा कि देश सेवा के इस गौरवपूर्ण योगदान में परिवारों का त्याग और समर्थन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने जवानों के अदम्य साहस भरी घटनाओं के बारे में भी उनसे जानकारी ली। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ पुलिस के इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट एवं इंस्पेक्टर रामेश्वर प्रसाद देशमुख को 16 अप्रैल 2024 को कांकेर क्षेत्र में नक्सलियों के विरुद्ध संचालित एक बड़े अभियान में अद्वितीय नेतृत्व, साहस और रणनीतिक कौशल का परिचय देने के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। उनके नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने कठिन परिस्थितियों में नक्सलियों का मुकाबला करते हुए महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की थी।

### गंभीर रूप से घायल होकर भी अदम्य साहस के साथ संभाला मोर्चा

इसी प्रकार 3 असम राइफल्स के राइफलमैन भोज राम साहू को भारत–म्यांमार सीमा क्षेत्र में घुसपैठ विरोधी अभियान के दौरान गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद अदम्य साहस के साथ मोर्चा संभालते हुए दुश्मनों को पीछे हटने के लिए मजबूर करने और अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार सुरक्षा बलों के जवानों के सम्मान, कल्याण और उनके परिवारों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उनका साहस और बलिदान राष्ट्र सेवा का सर्वोच्च उदाहरण है।



# भू-जल सहेजने 3923 कार्यों को मंजूरी, 66663 श्रमिकों को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत दुर्ग जिले की सभी 300 ग्राम पंचायतों में बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यों के माध्यम से जिले के 66 हजार 663 से अधिक ग्रामीण श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में जिले में 3923 निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, जिनसे एक ओर ग्रामीण परिवारों की आजीविका सुदृढ़ हो रही है, वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन तथा ग्रामीण अधोसंरचना विकास को भी नई दिशा मिल रही है।

कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग बजरंग कुमार दुबे के निर्देशन पर जिले में 1 जुलाई से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। साथ ही आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी मिट्टी मूलक निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

सभी ग्राम पंचायतों में जॉब कार्डधारी श्रमिकों को निरंतर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं मैदानी अमले को श्रमिकों की मांग के अनुरूप तत्काल कार्य उपलब्ध कराने तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## 600 दिव्यांग परिवारों को भी मिला रोजगार

मनरेगा के तहत जिले में अब तक 21 लाख 45 हजार 386 मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं। इसके साथ ही 2093 परिवारों को 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया गया है तथा 600 दिव्यांग परिवारों को भी रोजगार से जोड़ा गया है। यह उपलब्धि ग्रामीण परिवारों की आर्थिक सुरक्षा एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जनपद पंचायत वार स्थिति पर नजर डालें तो जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत 1048 कार्यों में 16 हजार 806 श्रमिक कार्यरत हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत धमधा अंतर्गत 1687 कार्यों में 22 हजार 963 श्रमिक तथा जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत 1188 कार्यों में 26 हजार 865 श्रमिक रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान में अमृत सरोवर निर्माण, नवीन तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, आजीविका डबरी निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग टैंक (डब्ल्यूएचटी), कच्ची सिंचाई नाली निर्माण सहित अन्य श्रममूलक कार्य प्राथमिकता के साथ संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यों से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलने के साथ कृषि उत्पादन क्षमता में वृद्धि तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण भी हो रहा है।

## मनरेगा के अंतर्गत शासन से मिली मंजूरी



## श्रमिकों को किया गया भुगतान

जिले में मनरेगा के तहत कुल 36 करोड़ 29 लाख 70 हजार रुपये की मजदूरी राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसमें जनपद पंचायत दुर्ग के श्रमिकों को 11 करोड़ 43 लाख 73 हजार रुपये, जनपद पंचायत धमधा के श्रमिकों को 12 करोड़ 14 लाख 07 हजार रुपये तथा जनपद पंचायत पाटन के श्रमिकों को 9 करोड़ 47 लाख 88 हजार रुपये की राशि उनके बैंक खातों में जमा कराई गई है। इसके अतिरिक्त अन्य क्रियान्वयन एजेंसियों के माध्यम से 2 करोड़ 56 लाख 43 हजार रुपये की मजदूरी राशि का भी भुगतान किया गया है।

## जिले में 249 नए निर्माण कार्यों के लिए मिली स्वीकृति

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि वर्ष 2026-27 में जिले में बड़े पैमाने पर श्रममूलक निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जनपद पंचायत दुर्ग में 183 निर्माण कार्यों के लिए 1480.18 लाख रुपये, जनपद पंचायत धमधा में 149 निर्माण कार्यों के लिए 1212.84 लाख रुपये तथा जनपद पंचायत पाटन में 249 निर्माण कार्यों के लिए 1984.63 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस प्रकार जिले में कुल 581 निर्माण कार्यों के लिए 4677.65 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। जिले में संचालित निर्माण कार्यों से आने वाले वर्षों में किसानों, श्रमिकों और ग्रामीण समुदायों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा तथा आत्मनिर्भर ग्रामीण विकास को नई मजबूती मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### किसानों को निर्धारित दर पर उपलब्ध होंगे उर्वरक

**दुर्ग।** खरीफ सीजन 2026 को ध्यान में रखते हुए किसानों को समय पर गुणवत्ता युक्त उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा विभिन्न रासायनिक उर्वरकों की कृषक विक्रय दर निर्धारित की गई है। निर्धारित दरों के अनुसार जिले में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी, एसएसपी, जिंकटेड सहित नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी उर्वरकों का विक्रय किया जा रहा है। उपसंचालक कृषि संदीप भोई ने बताया कि यूरिया उर्वरक का कृषक विक्रय दर 266.50 रुपये प्रति बोरी निर्धारित की गई है। वहीं डीएपी उर्वरक की दर कंपनी के अनुसार 1350 रुपए प्रति बोरी तक निर्धारित है। एनपीके उर्वरकों में 12:32:16 का मूल्य 1990 रुपए, 20:20:0:13 का मूल्य 1850 रुपए एवं 12:26:26 की दर 1990 रुपए निर्धारित की गई हैं। इसी प्रकार एमओपी (पोटाश) की दर 1975 रुपए प्रति बोरी रहेगी। एसएसपी पावडर, 551 एसएसपी दानेदार 591 रुपए, जिंकटेड एसएसपी पावडर 576 रुपए एवं टीएसपी 1300 रुपए दर तय की गई हैं, जिससे किसानों को बाजार में निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए इफको नैनो यूरिया 225 रुपये तथा इफको नैनो डीएपी 600 रुपये की दर से उपलब्ध कराया जाएगा। उर्वरक भण्डारण-वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता की स्थिति में उर्वरक निरीक्षक उर्वरक कार्रवाई करेंगे।

### 6.72 करोड़ की लागत से सड़क चौड़ीकरण के लिए 184 से ज्यादा पेड़ों को काटा जा रहा

# एक काटने पर 10 पेड़ लगाने का नियम, लेकिन कहां लगेंगे दुर्ग निगम में नहीं हो पाया तय



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

धमधा नाका से कातुलबोड़ और जुनवानी को जोड़ने के लिए सड़क चौड़ीकरण और रिनोवेशन का काम तो शुरू कर दिया गया है, लेकिन इस दौरान सड़क पर दोनों तरफ हरियाली बिखरने वाले प्राकृतिक रूप से उगे हरे-भरे पेड़ को काटा जा रहा है। निगम, राजस्व और वन विभाग के मुताबिक सब कुछ नियमों के अनुरूप किया जा रहा है। संयुक्त टीम पेड़ को काटकर वन विभाग के डिपो में पहुंचा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अब भी पिछले तीन दिनों में काटे गए पेड़ों और टहनियों में अधिकांश सड़क किनारे ही पड़े हुए हैं। इतना ही नहीं वन संरक्षण अधिनियम के मुताबिक जिन पेड़ों को काटा जा रहा है, उसमें एक पेड़ कटने के बदले 10 पेड़ लगाने का नियम है। वर्तमान में नए पेड़-पौधे कहां लगेंगे, इसे अब तक स्पष्ट नहीं किया गया है, न ही जिम्मेदारों के पास सही जानकारी है। न ही जानकारी सार्वजनिक की गई है। इस वजह से शहर के पर्यावरण प्रेमियों में खासी नाराजगी है। उन्होंने निगम और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जब इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों को काटा जा रहा है, तो पहले से वैकल्पिक इंतजाम तय करने चाहिए। जानकारी सार्वजनिक भी करनी चाहिए, ताकि लोगों को यह पता चल सके कि नए पेड़-पौधे लगाए जाएंगे।

## वन संरक्षण अधिनियमों की अनदेखी की आशंका, क्योंकि जगह को लेकर संशय




### हरे-भरे पेड़ों की कटाई को लेकर बनाए गए नए नियम

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में पेड़ों की कटाई को आसान बना दिया गया है। इसके लिए सरकार ने कटाई के नियमों में बदलाव किया है। इसको पिछले दिनों राजपत्र में भी प्रकाशित किया जा चुका है। नये नियमों के तहत निजी या संस्थान के लिए नए रोपे गए पेड़ों को काटने के लिए सरकारी अनुमति की जरूरत नहीं होगी। इसकी केवल सूचना देनी होगी। लेकिन प्राकृतिक रूप से खुद उग आए पेड़ों को काटने से पहले एसडीएम ने अनुमति लेनी होगी। निर्धारित समय सीमा में यह अनुमति न मिली तो भू-स्वामी पेड़ कटाई के लिए स्वतंत्र हो जाएगा। नये नियमों के मुताबिक, प्राकृतिक रूप से उगे पेड़ों की कटाई की अनुमति के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आवेदन देना होगा।

### 1 पेड़ कटने पर 10 पेड़ या पौधे लगाने होंगे, देखरेख भी जरूरी

नियमों के अनुसार प्राकृतिक रूप से उगे पेड़ों की कटाई के लिए एक मानक भी तय हुआ है। इसके मुताबिक एक कैलेंडर वर्ष में प्राकृतिक रूप से उगे पेड़ों में से अधिकतम चार पेड़ प्रति एकड़ काटे जा सकेंगे। कई एकड़ में फैले पेड़ों के बावजूद एक साल में अधिकतम 10 पेड़ों को काटे जाने की अनुमति दी जा सकती है। भू-स्वामी चाहे तो वन विभाग के जरिये भी इन पेड़ों की कटाई करा सकता है। लगाए गए पेड़ काटने की इस तरह देनी होगी सूचना नये नियमों के मुताबिक लगाए गए पेड़ों की कटाई के लिए एक तय प्रारूप में सूचना देनी होगी। कटाई से एक महीने पहले एसडीएम और वन परिक्षेत्राधिकारी को पेड़ की कटाई का कारण, प्रजाति और संख्या की जानकारी देनी होगी।

### वन विभाग काटेगा तो डिपो ले जाएगा लकड़ी, खाते में आएगा पैसा

अगर भू-स्वामी अपनी जमीन पर लगे पेड़ों की कटाई वन विभाग से कराएगा तो विभाग इसकी लकड़ी डीपो तक पहुंचाएगा। यहां निर्धारित दर पर लकड़ी के मूल्य की गणना की जाएगी। अनुसूचित जनजाति वर्ग का भू-स्वामी हुआ तो छत्तीसगढ़ आदिम जनजातियों का संरक्षण (वृक्षों में हित) अधिनियम 1999 के प्रावधानों के तहत कुल मूल्य की 95% राशि उसके बैंक खाते में जमा कराएगा। शेष 5% राशि वन विभाग के निर्धारित खाते में जमा की जाएगी। इस राशि से प्रत्येक काटे गए पेड़ के एवज में पांच पौधे रोपे जाएंगे। भू-राजस्व संहिता प्रशासित क्षेत्रों में लकड़ी के कुल मूल्य का 90% भू-स्वामी के बैंक खाते में जाएगी। शेष 10% वन विभाग के खाते में जाएगी। इस रकम से विभाग काटे गये एक पेड़ के बदले 10 पेड़ लगाएगा।

### कितने ही पक्षियों के आशियाने उजाड़े गए



पेड़ों की कटाई गलत है, उन्हें शिफ्ट करना चाहिए, जब हमारे पास यह तकनीक उपलब्ध है, तो हमने इस ओर क्यों विचार नहीं किया। आदित्य नगर में जिस बेदर्दी से पेड़ों को काटा गया है, उससे सैकड़ों पक्षियों के आशियाने उजड़ गए हैं। इसके लिए कौन जिम्मेदार है। इसके एवज में कहां पेड़-पौधे लगाए जाएंगे, इस बारे में भी जानकारी नहीं दी जा रही है।

**-बृजकिशोर शर्मा,** कादम्बरी नगर दुर्ग

# सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

■ आयुक्त सुमित अग्रवाल को सौंपी जांच की जिम्मेदारी

न्यू आदर्श नगर महाराजा चौक से बोरसी रोड पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जांच के निर्देश दिए हैं। आयुक्त सुमित अग्रवाल को जांच सौंपी गई है। शिकायत में कहा गया है कि एक होटल द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। इससे मुख्य मार्ग बाधित हो रहा है। लोगों ने कहा कि कि होटल के सामने वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग और सड़क पर पानी डालने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। जांच कर कार्रवाई की मांग की गई। इधर समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष शेख रज्जाक ने अवैध प्लॉटिंग को लेकर शिकायत की है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुसार दुर्ग शहर के विकास के लिए बड़े से बड़े कदम उठाकर निरन्तर प्रयत्नशील है। मगर इस शहर को बदनाम करने की नीयत से कुछ भू-माफियाओं द्वारा शहर के बीचो-बीच अवैध प्लाट काटने का प्रयास किया जा रहा है। अवैध प्लॉटिंग को रोकने के लिए सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाये गये हैं, जिससे अवैध कॉलोनी,अवैध निर्माण पर रोक लगाया जा सके। इन नियमों के विरूद्ध कुछ लोग खुद की जमीन को अवैध प्लॉटिंग करने वालों के नाम से एवं स्वयं भी अवैध प्लाटिंग का कार्य कर रहे हैं। सुभाष नगर, केलाबाड़ी में लगभग 5 एकड़ जमीन पर मुरम, मिट्टी डालकर खुलेआम शासन के नियमों को ताक में रखकर अवैध प्लाटिंग करने का प्रयास किया जा रहा है। जमीन को एक एकड़ या 2 एकड़ में बेचकर दलालों को संरक्षण देकर नई मस्जिद के आसपास 2 वर्ष के अंतराल में कई टुकड़ों में बेचे जा चुके हैं।

# आंधी तूफान से रेलवे कॉलोनी में पेड़ गिरे, बिजली कर्मियों ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

■ 50 से अधिक पेड़ को हटाने में मिला सहयोग



भीषण आंधी तूफान आने से रेलवे कॉलोनी बीएमवाई चरोदा में भारी नुकसान हुआ है। करीब 50 से अधिक बड़े पेड़ गिरने से सड़कें बुरी तरह अवरुद्ध हो गया था आने जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई रलवे क्वार्टरे भी क्षतिग्रस्त हो गईं। बिजली के पोल भी झूक गए हादसा हो सकता था। लेकिन रेलवे मजदूर कांग्रेस की टीम में डी. विजय कुमार, शेषु बाबू, अनुचकु संतोष रेड्डी, सुधाकर के नेतृत्व डीआरएम को अवगत कराया गया। इस दौरान सीनियर डीई से समन्वय कर अन्य विभागों, जेसीबी, आईओडब्लू विभाग की मदद से रेलवे कालोनी में राहत कार्य शुरु किया गया। मजदूर कांग्रेस का अहम योगदान रहा है। धनंजय अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और मजदूर कांग्रेस की पूरी टीम ने गिरे पेड पौधो को सड़कों से हटाकर आवागमन को बेहतर किया। बिजली के खंभों को सीधा करने में भी अपनी अहम भूमिका निभाई। 50 से अधिक गिरे हुए पेड़ों में से अधिकांश को अपडेट करने में सफलता हासिल हुई। रेलवे कर्मियों, अधिकारियों समेत विभागों के द्वारा लगातार काम कर व्यवस्था को बेहतर किय।

# जिला अस्पताल में अब हृदय रोग विभाग रूम नंबर 17 में होगा संचालित



**दुर्ग।** हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश बक्शी जिला चिकित्सालय में निःशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे। जिला चिकित्सालय दुर्ग में 500 बेड, मेडिसिन, त्वचा, नेत्र,कान, नाक, गला, शल्य क्रिया हड्डी, मातृत्व शिशु विभाग, डायलिसिस, आईसीयू, बर्न विभाग सहित 500 यूनिट की क्षमता के ब्लड बैंक स्थापित है। यहां अब हृदय रोग विभाग रूम नंबर 17 में संचालित होगी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश बक्शी माह के प्रत्येक शुक्रवार को 10 बजे से 1 बजे तक निः शुल्क परीक्षण और मार्गदर्शन सेवाएं प्रदान करेंगे। शक्रवार 12 जून से इनकी सेवा प्रारंभ हुई है। अस्पताल में उनका स्वागत किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ.एके मिंज, जीवन दीप समिति के दिलीप ठाकुर, सतीश सुराना, छग के स्वास्थ्य विभाग के दुर्ग संभागीय अध्यक्ष अजय नायक, ओम सत्यम, शिक्षण एवं जन विकास समिति अध्यक्ष सीता राम ठाकुर उपस्थित थे।

# ऑनलाइन बिक रहा नशे का सामान, खुर्सीपार कुम्हारी, सिकोलाभाठा में तस्कर सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

■ नारकोटिक्स नियंत्रण अभियान को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक में दी जानकारी

जिले में नारकोटिक्स नियंत्रण अभियान को प्रभावी बनाने कलेक्टोरेट सभागार में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले में मादक पदार्थों के रोकथाम, नशा मुक्ति केन्द्रों की व्यवस्थाओं तथा संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा की गई। बैठक में वरिष्ट पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल शामिल हुए।

पुलिस अधीक्षक ने अवगत कराया कि खुर्सीपार, कुम्हारी, सिकोलाभाठा एवं अन्य चिन्हित स्थानों पर नशीली पदार्थों के आदतन तस्करों पर विशेष नजर रखी जा रही है। साथ ही नारकोटिक्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाहियां भी की जा रही है। तस्करों एवं सार्वजनिक स्थानों पर नशे का सेवन कर व्यवधान करने वालों की सूचना के लिए टोल फ्री नंबर 1933 जारी की गई है। सूचना देने वालों की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। एसएसपी ने ड्रग लाइसेंसी कंपनियों एवं ई-कामर्स कंपनियों द्वारा ड्रग की सप्लाई पर चिंता जाहिर करते हुए औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को इस पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। औषधि प्रसाधन अधिकारी ने अवगत कराया कि उनकी टीम द्वारा सभी मेडिकल दुकानों की जांच की जा रही है। साथ ही बिक्री किए जा रही मेडिसिन्स की रिकार्ड रखने के निर्देश दिए गए है। वहीं नारकोटिक्स दवाइयों के रिकार्ड में गड़बड़ी मिलने पर मेडिकल दुकानों के खिलाफ कार्यवाही भी की गई है। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों से संबंधित स्पोर्ट्स अफसर को खेल मैदान एवं परिसर के आस-पास मादक पदार्थों के बिक्री पर नजर रखने के निर्देश दिए गए है। बैठक में सीएसपी आरके तिवारी, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव एवं समाज कल्याण, उद्योग एवं व्यापार, आबकारी व शिक्षा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# भिलाई-तीन पीएचसी में हाई रिस्क गर्भवतियों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

■ पीएम मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम को 10 साल पूरे

सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ शिशु के संकल्प को मजबूत करते हुए प्रधानमंत्री मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम पीएमएसएमए के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, गोदभराई कार्यक्रम, परामर्श सत्र तथा वृक्षारोपण जैसे विविध आयोजन किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा सुरक्षित प्रसव के प्रति जागरूक करना रहा।

जिला मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. अर्चना चौहान और संस्था प्रभारी डॉ. शिखर अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान 37 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। वहीं 17 महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी कर रिपोर्ट प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित शिविर में 37 महिलाओं की विभिन्न लैब जांच भी निःशुल्क की गई।

इनमें एचआईवी जांच, हीमोग्लोबिन परीक्षण, रक्त एवं मूत्र परीक्षण शामिल रहे। जांच के पश्चात सभी हितग्राहियों को रिपोर्ट उपलब्ध कराई गई तथा आवश्यकतानुसार उपचार एवं सलाह भी दी गई। बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2016 में देशभर में की गई थी।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देना, मातृ मृत्यु दर में कमी लाना तथा नवजात एवं शिशु मृत्यु दर को नियंत्रित करना है। कार्यक्रम में डॉ. संध्या चक्रवर्ती, आरएमए प्रज्ञा कुशवाहा, बीईटीओ सैय्यद असलम, एलएचवी आर विश्वास, लैब टेक्नीशियन आलिया खातून, फार्मासिस्ट तृप्ति चंद्राकर, स्मिता बागड़े, सुप्रजा कार्यक्रम की डॉ. अर्पिता शर्मा, योग चिकित्सक और परामर्शदाता डॉ. आकांक्षा मिश्रा आदि उपस्थित थे।

पेज 9 के शेष

### 1 जुलाई से काम शुरू करने ....

जुलाई से काम पर जाएंगे। कन्हैया लाल ने कहा जो रसोईया 16 जून मध्यान भोजन बनाने का कार्य करेंगे, वो अपने जिम्मेदारी पर कार्य करेंगे। अगर कोई शिक्षक कहते हैं मानदेय दिलाएंगे तो उससे लिखित में लेकर कार्य करेंगे ताकि मानदेय लिए उस शिक्षक को बोला जा सके। संगठन का निर्णय लिया है कि 1 जुलाई से सभी स्कूल में मध्यान भोजन कार्य किया जाना है, प्रदेश पदाधिकारियो ने सभी जिला के अध्यक्ष और जिला के ब्लाक अध्यक्ष खण्ड शिक्षा अधिकारी को जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपने कहा गया।

### पलारी में कांग्रेस का ...

की संगीता सिन्हा को 1230 मत प्राप्त हुआ था। 2023 के चुनाव में भाजपा की सरकार बनी, लेकिन पलारी में भाजपा के राकेश यादव को 1070 मत मिला। वहीं कांग्रेस की संगीता सिन्हा को 1427 मत मिला। पलारी के नगर पंचायत बनने के बाद पहली बार चुनाव हुए हैं। ग्राम पंचायत कार्यकाल में भी पलारी में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों का ही दबदबा रहा है। लगातार हार के बाद भी पलारी क्षेत्र में जहां भाजपा में व्याप्त मत भिन्नता दूर नहीं हो पा रही है। वहीं लगातार जीत के बाद भी कांग्रेस यहां सक्रिय है। वर्तमान नगर पंचायत चुनाव में मतदाताओं ने जिस प्रकार खामोशी से सरकार के खिलाफ मतदान किया है। यह भाजपा के लिए खतरे की घंटी है। चुनाव के अंतिम चरणों में काटे की टक्कर मान रहे थे। लेकिन जिस प्रकार मतदाताओं ने कांग्रेस को बम्फर समर्थन दिया है वह क्षेत्र में कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा व पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा की आक्रामक कार्य शैली को माना जा रहा है। बीते धान खरीदी के दौरान किसानों के हित में दोनों ने आक्रामक शैली में कार्य कर किसानों को राहत पहूंचाई, चना खरीदी में ग्रेडर द्वारा लूट मचाया गया था, उस दौरान भी सिन्हा परिवार ने किसानों को राहत पहुंचाई। वहीं भाजपा कार्यकर्ता अपनी ही सरकार के खिलाफ बोलने से कतराते रहे हैं। स्पष्ट था कि निकट भविष्य मे पलारी नगर पंचायत चुनाव होना है। कांग्रेस सक्रिय रही, नतीजा पलारी चुनाव में भाजपा की करारी हार एवं कांग्रेस की अप्रत्याशित ऐतिहासिक जीत के रूप में सामने आया है। कांग्रेस जीत के जश्न में डूबी है, भाजपा मंथन कर रही है। देखने वाली बात होगी कि भाजपा किस सच्चाई को किस रूप में स्वीकार करती है।

### 26 साल पुराना चिनार ...

प्रसाधन कक्ष में जाने वाले लोगों को फिसल कर गिरने का डर भी बना रहता है। उन्होंने बताया कि कई बार शिकायत करने के बाद भी नगर पालिक द्वारा टाल मटौल किया जाता है तथा इस पर कोई ध्यान नही दिया जाता जिसके कारण से सालभर गंदगी का सामना कॉम्पलेक्स के लोगो को करना पड़ता है।

# पीएम मोदी के दीर्घायु जीवन की कामना, किया हनुमान चालीसा पाठ

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के बढ़ता भारत, बदलता भारत अभियान के तहत दुर्ग जिला भाजपा ने विशेष पूजा-अर्चना और मंगलकामना कार्यक्रम आयोजित किया। जिला भाजपा कार्यालय के पीछे स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य तथा राष्ट्र की निरंतर प्रगति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।



जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में भगवान हनुमान की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान हनुमान चालीसा एवं आरती का पाठ कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना की गई। साथ ही देश की उन्नति, समृद्धि और जनकल्याण के लिए भी प्रार्थना की गई। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किया है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री दिलीप साहू, विनोद अरोरा, जिला उपाध्यक्ष सरिता मिश्रा, राजीव पांडेय, शिव चंद्राकर, दिनेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध जोड़ा पकड़ाया

**भिलाई।** शहर के एक होटल में संदिग्ध जोड़ा पकड़ाए जाने का मामला सामने आया है। छावनी पुलिस ने बताया कि होटल में एक युवक-युवती द्वारा संदिग्ध काम किए जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। जिसे लेकर एसीसीयू की टीम ने दबिश देकर युवक-युवती को हिरासत में लिया है। होटल के कमरे से कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया गया है। जिसमें कई युवतियों का फोटो भी शामिल है। बताया गया कि मोबाइल एप के माध्यम से युवक-युवतियां सेक्स रेकेट चलाने का काम करते हैं। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### 'आप' की मुफ्त स्वास्थ्य सेवा योजना शुरू

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी द्वारा जनहित में एक बड़ी पहल करते हुए भिलाई के वार्ड-10 और 29 के नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवा योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को आपातकालीन समय में तुरंत और मुफ्त स्वास्थ्य सेवा सहायता पहुंचाना है। आम आदमी पार्टी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने बताया कि अभी इस सेवा को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर भिलाई के दो वार्डों में चालू किया गया है। आने वाले समय में भिलाई के अलग-अलग वार्डों में भी यह सर्विस चालू की जाएगी। आम आदमी पार्टी की ओर से नागरिकों के लिए निःशुल्क वाहन एम्बुलेंस ऑटो सेवा उपलब्ध कराई जा रही है, जो मरीजों को सीधे उनके घर से अस्पताल तक सुरक्षित पहुंचाएगी। यह सेवा पूरी तरह से निःशुल्क है और 24 घंटे चालू रहेगी। वार्ड 10 में वार्ड अध्यक्ष देवेंद्र और वार्ड 29 वार्ड अध्यक्ष बलविंदर स्वास्थ सेवा को देखेंगे।

### शराब पीने रकम नहीं मिलने पर किया प्राणघातक हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब पीने के लिए रकम नहीं देने पर प्राणघातक हमला करने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि लोकेश सोनी ने शिकायत किया है कि बीसीजी स्कूल मैदान के पास अपनी पिकअप वाहन खड़ी कर कही गया था। तभी युवकों द्वारा उससे शराब पीने के लिए रकम का डिमांड करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर मौके से फरार हो गए। हमले के दौरान पीड़ित के बाएं हाथ में चोट आई। बीच-बचाव करने पहुंचे गणेश सोनकर पर भी आरोपियों ने हमला कर घायल किया। पुलिस को जानकारी लगने पर आरोपियों की खोजबीन में जुटी रही। सूचना पर पुलिस ने कारगिल चौक, आजाद चौक, रामनगर निवासी राम वर्म,राजबीर बघेल और दो अपचारी बालको को पकड़ा गया। उनके पास से पुलिस ने धारदार बटनदार हथियार जब्त किया है।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बोरी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम बड़े टेमरी में पुलिस ने दबिश दी। जहां से सुरज बारले को पकड़ा गया। जिसके पास से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब व नगदी जब्त किया गया। आरोपी के पास से प्लास्टिक जरीकेन में शराब मिला। शराब की कीम 6400 रुपए आंकी गई है।

**न्यायालय तहसीलदार मार्री बंगला-देवरी, जिला बालोद छ.ग.**

ई कोर्ट प्र.के 202606240600/अ-6 अ वर्ष 2025-26 ग्राम फुलसुन्दरी प.ह.नं. 09 तह. मार्री बंगला देवरी लतखोर साहू पिता स्व. बिदेशी राम साहू उम्र 55 जाति तेली निवासी ग्राम फुलसुन्दरी प.ह.नं. 09, रा.नि.म. देवरी तहसील मार्री बंगला देवरी, जिला बालोद (छ.ग.) ................**आवेदक**

**विरूद्ध**

रामत आ. तमगा, जाति कलार, निवासी ग्राम फुलसुन्दरी प.ह.नं. 09, रा.नि.म. देवरी तहसील मार्री बंगला देवरी, जिला बालोद (छ.ग.) ......**अनावेदक**

इस न्यायालय के ई कोर्ट प्रकरण क्रमांक 202606240600/ अ-6 अ वर्ष 2025-26 में आवेदक लतखोर साहू पिता स्व. विदेशी राम साहू उम्र 55 जाति तेली निवासी ग्राम फुलसुन्दरी प.ह.नं. 09, रा.नि.म. देवरी तहसील मार्री बंगला देवरी, जिला-बालोद (छ.ग.) द्वारा अनावेदकगण रामत आ. तमगा, जाति कलार, ग्राम फुलसुन्दरी प.ह.नं. 09, रा.नि.म. देवरी के विरूद्ध ऑनलाईन बी-1 त्रुटि सुधार का प्रकरण विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में अनावेदकगण रामत आ. तमगा, जाति कलार, ग्राम फुलसुन्दरी प.ह.नं. 09, रा.नि.म. देवरी तहसील मार्री बंगला देवरी, जिला बालोद (छ.ग.) का सही निवास स्थान का पता नही होने के कारण अनावेदक को दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रकरण सुनवाई दिनांक 22.06.2026 तक न्यायालय में उपस्थित होवे। नियत तिथी तक उपस्थित नहीं होने पर समाचार पत्र को नोटिस तामिली माना जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा ।

आज दिनांक 08/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार**
**मार्री बंगला-देवरी, जिला-बालोद (छ.ग.)**

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं लोक कल्याण मेला के तहत आयोजित प्रशिक्षण में वित्तीय समावेशन पर दिया गया जोर

# पथ विक्रेताओं को साइबर सुरक्षा और डिजिटल लेनदेन की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं लोक कल्याण मेला के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा पथ विक्रेताओं के लिए साइबर सुरक्षा तथा वित्तीय समावेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पथ विक्रेताओं को डिजिटल युग में सुरक्षित वित्तीय लेनदेन, बैंकिंग सुविधाओं के बेहतर उपयोग तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने अपने छह वर्ष पूरे कर लिए हैं। कोरोना महामारी के कठिन दौर में प्रारंभ की गई यह योजना आज लाखों पथ विक्रेताओं के लिए संजीवनी साबित हुई है। योजना के माध्यम से प्राप्त आर्थिक सहायता ने छोटे व्यापारियों को अपने व्यवसाय को नई गति देने का अवसर दिया है। इससे न केवल उनके कारोबार में वृद्धि हुई है, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि पथ विक्रेता शहर की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ आधुनिक बैंकिंग व्यवस्था और सुरक्षित लेनदेन की जानकारी देना समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। भारतीय स्टेट बैंक के उप प्रबंधक अनमोल श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण सत्र में पथ विक्रेताओं को साइबर अपराधों से बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल भुगतान का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में ठगी और धोखाधड़ी के नए-नए तरीके भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने पथ विक्रेताओं को सुरक्षित गुप्त संकेतांक रखने, संदिग्ध संदेशों और कॉल से सतर्क रहने, त्वरित भुगतान प्रणाली तथा संकेतित भुगतान प्रणाली के माध्यम से सुरक्षित लेनदेन करने और बैंकिंग संबंधी आवश्यक सावधानियों का पालन करने की सलाह दी।

प्रशिक्षण के दौरान वित्तीय समावेशन की विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई। पथ विक्रेताओं को बैंकिंग सेवाओं से जुड़ने, बचत की आदत विकसित करने तथा सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसे उनके दैनिक कारोबार के लिए लाभकारी बताया।

लोक कल्याण मेला के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे, पार्षद संजीव सिंह, अन्य पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष श्याम जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, इन्द्र यादव, लक्ष्मी सिन्हा, अभिजीत भगत सहित बड़ी संख्या में पथ विक्रेता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के माध्यम से पथ विक्रेताओं को न केवल सुरक्षित वित्तीय व्यवहार का ज्ञान मिला, बल्कि आत्मनिर्भर और सशक्त व्यापारी बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ।

# रोजगार, संस्कृति संरक्षण और सामाजिक विकास पर मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- दल्लीराजहरा में छह मिलियन क्षमता के संयंत्र की मांग उठाने का निर्णय, सामाजिक भवनों के विकास पर भी हुई चर्चा

छत्तीसगढ़ समन्वय समिति की आवश्यक बैठक समिति कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें रोजगार सृजन, छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण तथा सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति के पदाधिकारी, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ तथा विभिन्न छत्तीसगढ़िया समाजों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए रामदास मानिकपुरी ने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक छत्तीसगढ़िया समाज में बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की परंपराओं, संस्कृति, रहन-सहन और सामाजिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

बैठक का प्रमुख विषय क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का विस्तार रहा। उपस्थित समाज प्रमुखों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि दल्लीराजहरा क्षेत्र में रोजगार के नए द्वार खोलने के उद्देश्य से छह मिलियन क्षमता का संयंत्र स्थापित करने की मांग को लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक को शीघ्र ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक में सामाजिक भवनों के विस्तार और निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। महासचिव तोरण लाल साहू ने बताया कि समिति परिसर में लंबे समय से लंबित स्नानगृह निर्माण कार्य के लिए नगर पालिका द्वारा तीन लाख तीस हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ कर पूर्ण किया जाएगा।

बैठक में आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा संगठन को अधिक सशक्त और जनहितकारी बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

**ये रहे रहे उपस्थित** इस अवसर पर चेतन लाल साहू, घनश्याम पारकर, छन्नू लाल सेन, संतराम सेन, प्रेमलाल निर्मलकर, विद्या रावटे, पुष्पा शांडिल्य, ममता घराना, विनोद आरड़े, महेश सहारे, गोरेलाल मिश्रा, प्रदीप, शीतल साहू, काशीराम निषाद, कमल किशोर, साधुराम, सुरेंद्र, डी.आर. रावटे, विष्णु चंद्रवंशी, ओमप्रकाश, योगेश यादव सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# मां कौशल्या धाम निर्माण में कलार समाज देगा सहयोग, प्रदेश स्तरीय सम्मेलन संपन्न







- जामड़ी पाटेश्वर आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में समाज ने किया 51 हजार रुपये सहयोग का ऐलान, वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान

**गुरूर/डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बालोद जिला के जामड़ी पाटेश्वर आश्रम जहां मां विश्व के प्रथम कौशल्या धाम का निर्माण हो रहा है। पुरुषोत्तम मास महोत्सव के अवसर पर यहां विभिन्न समाजों का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में 13 जून को छत्तीसगढ़ कलार समाज का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें कलार समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा ने कहा कि बालोद जिला का यह स्थान मां कौशल्या धाम के रूप से विश्व में विख्यात होगा समस्त कलार समाज के लिये गौरव की बात है की मां कौशल्या के साथ भगवान सहस्त्रर्जुन भगवान की मूर्ति भी यहां स्थापित होगी। जिसके लिए 51000 समाज के तरह प्रदान किया जाएगा, साथ ही कोशल्या धाम की पूर्णता के लिए कलार समाज संत रामबालक दास जी के साथ है। इस दौरान आने वाले समय में कलार समाज के द्वारा यहां भव्य कार्यक्रम के आयोजन की योजना भी बनाई गई, कार्यक्रम में कलार समाज के स्व. रूप नारायण सिन्हा को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई और समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पाटेश्वर धाम के संचालक संत रामबालक दास ने कहा कि हमारे निवेदन पर समस्त कलार समाज इस स्थान में आया है, इसके लिए हम समाज के आभारी है, समस्त सनातन हिंदू समाज एकजुट होकर अपने समाज और देश का विकास करें, यही इस आयोजन का उद्देश्य है, साथ ही जिस तरह अयोध्या में रामलला के मंदिर निर्माण के लिए समस्त सनातनी राम भक्तों ने सहयोग किया, इसी तरह मां कौशल्या धाम के निर्माण में भी सभी को सहयोग करना चाहिए।

### प्री-मानसून के साथ ही रात व दिन में हो रही बिजली बंद

**भिलाई।** प्री मानसून की शुरूआत से ही बिजली की समस्या ट्विनसिटी सहित पूरे जिलेभर में चल रही है। जैसे ही हल्की हवा चली बिजली बंद कर दी जा रही है। गुरुवार की रात दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में रात 2 बजे बिजली बंद कर दी गई। इस समय हवा चली और हल्की बारिश भी हुई। आधे घंटे मौसम का हाल ऐसा ही रहा लेकिन बिजली रातभर में चार बार बंद हुई। दोपहर को भी यही चक्र चला। लोग बारिश ठीक से नहीं होने की वजह से उमसभरी गर्मी से परेशान हैं। बिना पंखे,कूलर व एसी के कुछ देर तक रहना मुश्किल हो गया है वैसे में घंटों-घंटो तक कभी भी बिजली बंद होने से लोगों का क्या हाल हो रहा है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। इन दिनों केंद्र व राज्य स्तर पर विभिन्न पदों पर वेकेंसी निकाली गई है। जिसकी परीक्षाएं लगातार आयोजित हो रही है।

# खदान में डूबने से बालक की मौत हाथ में मिली कोल्ड ड्रिंक्स की बोतल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पथरिया खदान में डूबने से एक बालक की मौत हो गई। है। शुक्रवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम ने 50 फीट गहरे पानी से शव को बहार निकाला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेज दिया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम पथरिया निवासी बालक आयुष मार्कंडेय 13 वर्ष का शव खदान में मिलने से सनसनी फैल गई। बताया गया है कि गुरुवार शाम से आयुष घर से निकला था। देर रात तक घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी आसपास काफी तलाश किया। जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ को सूचना दी। टीम मौके पर पहुंची और खदान की अधिक गहराई और अंधेरे के कारण रात में खोज अभियान शुरू नहीं हो पाई। शुक्रवार सुबह टीम ने खोजबीन कर मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। जिला सेनानी और जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर सुबह 5:30 बजे एसडीआरएफ की 10 सदस्यीय टीम मौके पर पहुंची। डिप डाइविंग विशेषज्ञ राजकुमार यादव, चंद्रप्रताप जघेल ने गहरे पानी में उतरकर तलाश शुरू की।

# युवा शिविरार्थियों ने निकाली नशा उन्मूलन रैली नुक्कड़ नाटक से दिया जागरूकता का संदेश







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर के दौरान 350 से अधिक लोगों ने लिया नशामुक्त भारत का संकल्प

व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर के दौरान शिविरार्थीयो ने शनिवार को जनजागरूकता रैली निकाली। श्री राम जानकी गायत्री शक्तिपीठ गुरुर में 11 से 15 जून तक शिविर चल रहा है। नशा मुक्त भारत अभियान एवं गायत्री परिवार के व्यसन मुक्ति अभियान के अंतर्गत शिविर के तीसरे दिन नगर पंचायत गुरुर में रैली ने भ्रमण किया। तहसील रोड से होते हुए बाजार चौक में गुटका, जर्दा, नशापान से होने वाले परेशानी एवं इसके दुष्परिणाम को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए जन समुदाय को नशा से दूर रहने के लिए प्रार्थना और अपील किया गया।

नशा उन्मूलन रैली के दौरान बस स्टैंड में लोगों को जागरूकता संदेश दिया गया। इसके अंतर्गत विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र, थीम पर शपथ ग्रहण, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रंखला का निर्माण किया गया।

शान्तिकुन्ज हरिद्वार प्रतिनिधि टोली नायक कुलदीप कृष्ण भारती ने नशा न करने की शपथ दिलाई और यह संदेश अपने आस पड़ोस और रिश्तेदारों तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही सभी संस्थाओं से मिलजुल कर इस महामारी से निपटने की अपील की।

इस अवसर पर गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि प्रज्ञा पुत्रें कहा कि गायत्री परिवार के संस्थापक गुरुदेव आचार्य श्रीराम शर्मा ने इस व्यसन महामारी को एक अभियान के रूप में लिया है, जितने भी हमारे आध्यात्मिक यज्ञ कर्मकांड होते हैं, उसमें एक बुराई व्यसन के रूप में छोड़ने का संकल्प कराते है। उन्होंने कहा कि व्यसन से बचाकर इस राशि को श्रृजन में लगाना चाहिए। व्यसन से परिवार, समाज, शरीर, सम्मान सभी का नुकसान होता है। रैली में जिला समन्वयक बालोद बीएस अठनगर, ब्लॉक सहसमन्वयक शक्तिपीठ गुरुर डॉ गोपाल साहू, समन्वयक जिला युवा प्रकोष्ठ दिलीप कुमार निर्मलकर, जिला युवा प्रकोष्ठ सहप्रभारी बालोद भोलेश्वर सिन्हा ने नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी और जुड़ने के तरीके बताएं।

ये रहे उपस्थित इस अवसर पर गायत्री परिवार के नशा उन्मूलन प्रभारी युवा प्रकोष्ठ बालोद विमल साहू, ब्लॉक युवा समन्वयक नशा उन्मूलन गुरुर नामदेव साहू, बालाराम सोनवानी, रोहित साहू, मायाराम यादव, झम्मन साहू, रेवेंद्र सोनवानी, सुखराम साहू, धनेश साहू, चिंता राम, प्रेमाराम साहू, यशवंत साहू, केजू राम साहू, डॉ जोहित साहू, डॉ डोमन लाल गंजीर, रघुनाथ साहू, हेमराज साहू, उमाशंकर साहू, नरेंद्र साहू, जगमोहन साहू, अनुसुइया साहू, अन्नपूर्णा हिरवानी, ममता साहू, नीतू ग्वाल एवं गायत्री मंदिर के परिवाजक बहूर सिंह के साथ ही लगभग 350 परिजन रैली में मौजूद रहे।

### बरसात से पहले निगम की सख्ती, सड़कों से हटाए जा रहे अवैध बैनर और पोस्टर

**भिलाई।** बारिश के मौसम को देखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई ने शहर की सड़कों और प्रमुख मार्गों पर लगे अवैध बैनर-पोस्टरों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर विभिन्न जोन क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए राजनैतिक, सामाजिक एवं निजी संस्थाओं द्वारा लगाए गए अवैध विज्ञापन बैनर-पोस्टरों को हटाकर जप्त किया जा रहा है। आयुक्त के अनुसार मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों और विद्युत पोलों पर बड़ी संख्या में बिना अनुमति लगाए गए बैनर-पोस्टर बरसात के दौरान उखड़कर सड़क पर गिर सकते हैं, जिससे यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा विशेष अभियान चलाकर ऐसे सभी अवैध प्रचार-प्रसार सामग्री को हटाया जा रहा है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

# जैविक खेती अपनाकर किसान बन सकते हैं आत्मनिर्भर, कार्यशाला में दी गई जानकारी



**गुण्डरदेही।** मंडल स्तरीय जैविक खेती कार्यशाला का आयोजन किसान मोर्चा मंडल गुण्डरदेही द्वारा शनिवार को ग्राम खुटेरी में किया गया। जिसमें जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष चेतन साहू, कल्याण साहू, सरपंच नविता साहू, पृथ्वीराम साहू व विशेष रूप से रवि वर्मा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

जिन्होंने जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित किया। जैविक खेती से आत्मनिर्भर भारत कैसे बन सकता है, इस ओर भी ध्यान आकर्षित किया, उन्होने बताया मिलेट अनाज और जैविक उत्पाद से उत्पादित अनाज की विदेश में भारी डिमांड एवं अच्छी कीमत के बारे में बताया। जिला उपाध्यक्ष चेतन साहू ने बताया कि हमारे पूर्वज प्राकृतिक खेती ही करते थे, प्राकृतिक रूप से उत्पादित अनाज का सेवन करने से हमें किसी प्रकार की कोई शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में परेशानी नहीं थी, पर आज रासायनिक अनाज का उपयोग करने से हम विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं, अतः हमें पुनः प्राकृतिक जैविक खेती की ओर लौटना पड़ेगा, जब देश में अनाज की कमी थी तब भी किसान ने देश का भंडार भरा और आज जब प्राकृतिक खेती, जैविक खेती की ओर पुनः लौटने की बात होती है तो किसान देश की आवश्यकता पर जरुर खरा उतरने की बात कही।

कार्यशाला मे मीना साहू, प्रीति साहू, दिनेश्वरी साहू, बसंती साहू, सुनीता साहू, भोज निर्मलकर, ओंकार साहू, तिलक साहू, अलख राम निषाद धावेंद्र कुमार, संतराम साहू उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## महिला से मारपीट करने वाले को 420 दिन की कैद

**दुर्ग।** नेवई थाना अंतर्गत निवासरत महिला से मारपीट करने वाले को कोर्ट ने 1 वर्ष, 1 माह, 25 दिन यानी करीब 420 दिन कैद की सजा सुनाई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 17 अप्रैल 2025 को सुबह करीब साढ़े 6 बजे की है। महिला काम पर जाने के लिए घर से निकली थी, तभी पुरानी घटना को लेकर आरोपी स्टेशन मरोदा निवासी ओम प्रकाश उर्फ सोनू पिता संतराम निर्मलकर (27 वर्ष) ने मारपीट की। महिला ने कुछ दिन पहले आरोपी के खिलाफ नेवई थाने में छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने महिला से मारपीट की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। आरोपी को धारा 109 (1) में करीब 420 दिन की सजा सुनाई गई। मामले में शासन की तरफ से पैरवी लोक अभियोजक एमके दिल्लीवार ने की।

## अवैध शराब का कमीशन लेने वाले पकड़े गए



**भिलाई।** अवैध रूप से शराब बेचकर कमीशन लेने वालो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो युवक स्कूटी में अवैध रूप से शराब रखकर जामुल नंदिनी रोड स्थित बीके कंपनी के पास बेच रहे थे। जामुल पुलिस ने दबिश देकर घेराबंदी तीन युवको को पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम राजीव नगर, खुर्सीपार निवासी अजय कुमार अनिल विश्वकर्मा, शांति नगर कुम्हारी डागेश साहू बताया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 242 पौवा देशी शोले मसाला शराब कुल 43.560 बल्क लीटर, वाहन सीजी 07 एवी 1464 को जब्त किया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि शराब देशी शराब दुकान जामुल के सुपरवाईजर डागेश साहू से कमीशन के आधार पर रकम मिलना स्वीकार किया।

**निधन**

### डॉ. माखन लाल साहू



**बालोद।** ग्राम भोईनापार निवासी डॉ. माखन लाल साहू 64 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे भगत राम साहू के बड़े भाई व विवेक प्रकाश साहू के पिता थे।

### भोज राम केकती



**गुरूर।** ग्राम सनौद निवासी भोज राम केकती का निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे युवा कांग्रेस कार्यकर्ता संजय कुमार केकती के पिताजी और वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता रतनलाल केकती के बड़े भैय्या थे।

### आध्यात्मिक जागरण के साथ व्यक्तित्व विकास का केंद्र बना गीता संस्कार शिविर

# गीता संस्कार समर कैंप से बच्चों में हो रहा आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास









हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

संस्कार समर कैंप 2026 के तहत संस्कारवान भारत के निर्माण की ओर एक दिव्य पहल के तहत पुरुषोत्तम मास में बच्चों के लिए आध्यात्मिक जागरण, चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों का निर्माण हेतु इस्कॉन प्रचार केन्द्र, गुरुर द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन 14 जून को होगां। इस दौरान वक्ताओ ने कहा आज का युग अभूतपूर्व अवसरों का युग है।

■ इस्कॉन प्रचार केन्द्र गुरुर के सात दिवसीय शिविर में चरित्र निर्माण, जीवन मूल्य और वैदिक संस्कारों पर विशेष जोर

विज्ञान, तकनीक, इंटरनेट और आधुनिक शिक्षा ने मानव जीवन को अनेक सुविधाएं प्रदान की हैं। परंतु इसके साथ ही समाज एक गम्भीर चुनौती का सामना भी कर रहा है। बच्चों और युवाओं के सामने दिशा का संकट बढ़ता जा रहा है। बढ़ती प्रतिस्पर्धा, मोबाइल और सोशल मीडिया की लत, मानसिक तनाव, पारिवारिक मूल्यों का क्षरण तथा आध्यात्मिक शून्यता आज लगभग प्रत्येक परिवार की चिंता का विषय बन चुके हैं। ऐसे समय में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि आने वाली पीढ़ी को सफल कैसे बनाया जाए, उन्हें



संस्कारवान, जिम्मेदार, आत्मविश्वासी, करुणामय और आध्यात्मिक रूप से जागरूक कैसे बनाया जाए। इसी प्रश्न का उत्तर प्रस्तुत करता है गीता संस्कार समर कैंप 2026, जिसका आयोजन इस्कॉन प्रचार केन्द्र, गुरुर द्वारा पुरुषोत्तम मास के शुभ अवसर पर किया जा रहा है। शिविर ने बच्चों को मनोरंजन के साथ जीवन को सही दृष्टिकोण से देखने की प्रेरणा प्रदान की जा रही है। शिविर का उद्देश्य बच्चों को भगवद्गीता, श्रीमद्भागवतम् तथा वैदिक संस्कृति के शाश्वत सिद्धांतों से जोड़ते हुए उनके भीतर छिपी श्रेष्ठ संभावनाओं को जागृत करना है। अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के संस्थापक आचार्य ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद का स्पष्ट मत था कि यदि मानव समाज में वास्तविक शांति, सदाचार और आध्यात्मिक उन्नति लानी है तो इसकी शुरुआत बच्चों से करनी होगी। बच्चे को प्रारम्भ से ही भगवान के साथ अपने संबंध, सेवा, करुणा, सत्यनिष्ठा और आत्म–अनुशासन की शिक्षा मिलनी चाहिए। उनका विश्वास था कि यदि बचपन में भगवान का नाम, भगवद्गीता का ज्ञान और वैदिक संस्कार प्रदान किए जाएँ तो वही बालक भविष्य में समाज का आदर्श नागरिक, आदर्श नेता और आदर्श भक्त बन सकता है। यह शिविर बच्चों को यह समझाने का प्रयास करता है कि "मैं केवल शरीर नहीं हूं, मैं भगवान का अंश, एक शाश्वत आत्मा हूँ। जब बालक अपनी आध्यात्मिक पहचान को समझना प्रारम्भ करता है, तब उसके जीवन में आत्मविश्वास, संतुलन, जिम्मेदारी और सकारात्मकता स्वतः विकसित होने लगती है। शिविर का प्रत्येक दिन उत्साहपूर्ण हरे कृष्ण महा–मंत्र संकीर्तन से प्रारम्भ होता है। संकीर्तन के पश्चात मंगलाचरण, प्रार्थना तथा गुरु–वंदना के माध्यम से बच्चों को कृतज्ञता और विनम्रता का अभ्यास कराया गया। शिविर के दौरान बच्चों को सरल एवं रोचक भाषा में भगवद्गीता की शिक्षाएं प्रदान की गईं। बच्चों को यह सिखाया गया कि भोजन केवल शरीर का पोषण नहीं करता भगवान को अर्पित भोजन मन और चेतना को भी पवित्र बनाता है।

### योग और खेल गतिविधियों से बच्चों ने सीखे नए कौशल

## पीएमश्री प्राथमिक शाला सिरसिदा में आयोजित सात दिवसीय समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा में आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का शनिवार को समापन हुआ।

इस समापन समारोह में ग्राम पंचायत सिरसिदा की सरपंच सरस्वती चंद्राकर, उप सरपंच दामिनी चंद्राकर,प्राथमिक शाला की शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष गीता देशलहरे, उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साहू एवं अन्य सदस्य गण के साथ ही शिक्षाविद पटेल सर एवं अन्य सदस्य गण, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक लीना देवांगन ,शिक्षक महेंद्र साहू शिक्षक,



हीरालाल साहू, राकेश कुमार साहू की गरिमामई उपस्थिति रही। उपस्थित सभी अतिथि एवं विशेष अतिथियों के द्वारा समर कैंप में बच्चों के द्वारा बनाए गए विभिन्न कलाकृतियां जैसे मिट्टी की कलाकृति, क्राफ्ट वर्क, पाइप क्लीनर से बनाएं फूल, चित्रकारी एवं अन्य कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिन्हें उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा सराहा गया। समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों ने अपना अनुभव साझा किया। विशेष कर योग शिक्षक गीरु धनकर के द्वारा सिखाए गए योगासन एवं विभिन्न खेलों के बारे में बच्चों ने अपना अनुभव साझा किया। उपस्थित अतिथियों ने इस समर कैंप से बच्चों के रचनात्मक विकास के बारे में अवगत कराया । समापन समारोह के अंत में प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक धनेश्वरी साहू ने उपस्थित अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया। समर कैंप के इस आयोजन में पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसीदा के प्रधान पाठक धनेश्वरी साहू सहायक, शिक्षक दर्शेंद्र कुमार साहू, चंदूलाल ठाकुर एवं गीतिका देशमुख का विशेष योगदान रहा।

## जिला ग्राम पटेल संघ बालोद की मासिक बैठक संपन्न, संगठन की मजबूती पर हुआ मंथन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिला ग्राम पटेल संघ बालोद की मासिक बैठक मां बंजारी धाम जुंगेरा में आयोजित किया गया।

जिसमें छग प्रदेश के राजस्व ग्राम पटेल एवं ग्राम पटेल पदाधिकारियों की उपस्थिति में संघ के संगठन के बारे में विषेश चर्चा किया गया। प्रदेश के पदाधिकारी कृष्णा जैन बस्तर, कृष्णा चरण पटेल बलौदा बाजार, म्लेच्छ राम सोनाखान, दुर्गेश साहू टूण्डरा, शंकर लाल साहू, केशराम पंकज सारंगढ़, देवनारायण, चंद्रमनी, धनीराम, अजीत कुमार, मुकेश्वर, राधे लाल, गणेश चंदेल, अमरतन साहू प्रवक्ता, सूरज, संतोष चंद्रवंशी, कार्यवाहक अध्यक्ष मन्नूलाल, नलराम, घनश्याम साहू प्रवक्ता, माधव लाल, गुरुदयाल साहू एवं जिला पदाधिकारी बालोद, अध्यक्ष रविशंकर कोटेन्द, रामचंद्र साहू, केवल चंदेल, चैतराम बारले, छबीलाल साहू, अशोक साहू, लिलेश्वर साहू, विजेंद्र धुरव, ललित हिरवानी, तारेंद्र देशमुख, भाव सिंह यदुवंशी एवं तहसील अध्यक्ष, डोमार सिंह कुंवर, कुशल मंडावी, आंनद राम साहू,ढाल सिंह साहू, रामचरण सिन्हा सहित जिला के ग्राम पटेलो कि उपस्थित रही। यह जानकारी संध के मिडिया प्रभारी भाव सिंह यदुवंशी दी।

## पुलिस की चेकिंग, संदिग्धों से हिरासत में लेकर पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

पुलिस चेकिंग के दौरान 22 संदिग्धों को पकड़कर उनकी फिंगरप्रिंट लेकर पहचान, आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला गया। वारंट तामिली, फरार आरोपियों की तलाश, संदिग्ध गतिविधियों की जांच की गई। टीम में 67 दुर्ग पुलिस कर्मी और अधिकारी मौजूद थे। बिना नंबर की चार वाहनों को जब्त कर सत्यापन किया गया। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, डीएसपी आईयूसीएडब्ल्यू भारती मरकाम के नेतृत्व में विशेष सघन चेकिंग चलाया गया। कैम्प-1 स्थित प्रेम नगर, स्टील नगर, संग्राम चौक से 22 संदिग्धों को पकड़ा गया। अभियान सुबह 4 बजे से 8



बजे तक चलाया गया। विशेष अभियान के लिए थाना वैशाली नगर, दुर्ग, चौकी स्मृति नगर, नेवई, भिलाई भट्टी, थाना अजाक, एनटीएफ, ट्रैफिक पुलिस, एसीसीयू, पुलिस लाइन दुर्ग की टीम मौजूद थी। कार्रवाई में एनटीएफ प्रभारी तापेश्वर नेताम, निरीक्षक प्रशांत मिश्रा,राजेश साहू, शिवचन्द्रा थाना, अनिल कुमार साहू समेत एसीसीयू टीम जुटी रही।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर विशेष स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे बढ़ता भारत, बदलता भारत/" अभियान के तहत भाजपा मंडल देवरी द्वारा ग्राम पसौद में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत खरखरा नदी तट एवं सतनाम भवन जैतखाम परिसर में साफ-सफाई की गई।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के माध्यम से स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। सहभागी लोगों ने परिसर और नदी तट की सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने



का संकल्प लिया। ये रहे उपस्थित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति प्रभा नायक, जनपद सदस्य एवं सभापति दुलारी देवांगन, चित्ररेखा साहू, टूमन साहू, मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव, जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष रमेश सोनवानी, जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा कोषाध्यक्ष पोषण देवांगन, मंडल उपाध्यक्ष रामलाल नायक, उत्तम साहू, नेमीन साहू, ऊर्मिला साहू, महामंत्री राधेश्याम देवांगन, महिला मोर्चा अध्यक्ष भूनेश्वरी ठाकुर, महामंत्री डोमेश्वरी मंडावी, युवा मोर्चा अध्यक्ष फनेश्वर साहू, शुभम देवांगन, किसान मोर्चा अध्यक्ष यादराम सिन्हा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष संतराम तारम, कार्यक्रम प्रभारी निरंजन साहू, खुबलाल साहू, अजय देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामाजिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

## मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाती छायाचित्र प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र

**बालोद।** मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित छाया चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने हेतु बड़ी संख्या में जिलेवासी पहुंच रहे है। उल्लेखनीय है कि देश में मोदी सरकार के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद कार्यालय बालोद के परिसर में स्थित पुराना टाउन हॉल में 12 से 14 जून तक 03 दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी के अंतर्गत छायाचित्र एवं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देश में मोदी सरकार के 12 वर्षों के सफलतम कार्यकाल के दौरान सफलतापूर्वक क्रियान्वित किए जा रहे लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, किसान सम्मान निधि योजना, डिजिटल इंडिया, विकसित भारत संकल्प आदि की सजीव प्रस्तुतिकरण किया जा रहा है। इस दौरान आगन्तुकों को जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका 'जनमन' का भी वितरण किया जा रहा है।



■ बालोद के पुराने टाउन हॉल में तीन दिवसीय प्रदर्शनी, बड़ी संख्या में पहुंच रहे जिलेवासी

### ध्यान, प्रार्थना और सामायिक से बच्चों में हो रहा व्यक्तित्व विकास

## ज्योतिर्मय संस्कार शिविर में बच्चों को मिल रहे जीवनोपयोगी संस्कार, पांचवां दिन उत्साहपूर्वक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डोंडी

समता संस्कार शिविर समिति डोंडी संयोजक राजेंद्र पिंटू नाहर सहयोगी सुभाष ढेलड़िया के तत्वावधान में जैन भवन डोंडी में आयोजित 8 दिवसीय ज्योतिर्मय संस्कार शिविर का आज पांचवां दिन गुरुवार को अत्यंत उत्साह, अनुशासन और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। भीषण गर्मी के बावजूद शिविर में शामिल बालक-बालिकाओं का जोश और सीखने की ललक देखते ही बन रही थी। बच्चे प्रतिदिन सुबह से लेकर शाम तक पूरे मनोयोग के साथ ज्ञान, ध्यान, संस्कार एवं व्यक्तित्व विकास की गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। शिविर का आयोजन परम पूज्य आचार्य

■ आध्यात्मिक शिक्षा के साथ नेतृत्व क्षमता का भी हो रहा विकास



भगवान 1008 श्री रामलाल जी म.सा. एवं बहुश्रुत वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्री राजेश मुनि जी म.सा. की प्रेरणा एवं कृपा से किया जा रहा है। शिविर में बच्चों को धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों के साथ-साथ जीवन को श्रेष्ठ बनाने वाले संस्कारों की शिक्षा दी जा रही है। म.सा. महासती जीश्री प्रियंका श्रीजी साध्वी श्री प्रियता श्रीजी म.सा. साध्वी श्री दीपिका श्री जी म.सा. साध्वी श्री पीहिता श्री जी म.सा. ठाना 4 के पावन सानिध्य में बच्चों ने ध्यान, प्रार्थना, सामायिक, जैन संस्कृति, चरित्र निर्माण, अनुशासन, सेवा भावना तथा आत्मचिंतन से जुड़े विभिन्न विषयों का अध्ययन किया। शिविर में उपस्थित शिक्षक स्वेता गुणधर, समता संचेती, दीप्ती ढेलड़िया, शिखा गुणधर एवं प्रशिक्षकों ने बच्चों को सरल एवं रोचक तरीकों से ज्ञान प्रदान किया, जिससे बच्चे पूरे उत्साह के साथ गतिविधियों में शामिल रहे। शिविर में बच्चों को समय का सदुपयोग, माता-पिता एवं गुरुजनों के प्रति सम्मान, संयम, अहिंसा, करुणा और सदाचार जैसे जीवनोपयोगी मूल्यों की प्रेरणा दी जा रही है। साथ ही ध्यान और एकाग्रता के अभ्यास के माध्यम से मानसिक विकास एवं आत्मविश्वास बढ़ाने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

संयोजक राजेंद्र पिंटू नाहर ने बताया कि शिविर का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, जैन दर्शन एवं श्रेष्ठ संस्कारों से जोड़ना है। शिविर में बच्चों के लिए विभिन्न ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं, प्रेरणादायक प्रसंग, समूह गतिविधियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना का विकास हो सके। भीषण गर्मी के बावजूद बच्चों की उपस्थिति एवं सक्रिय सहभागिता यह दर्शाती है कि उनमें संस्कार और ज्ञान अर्जित करने के प्रति विशेष रुचि है। अभिभावक भूर चंद नाहटा, पूनम कोठारी, पृथ्वी राज लोढ़ा, विजय गुणधर ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

शिविर के पांचवें दिन का समापन मंगल पाठ एवं प्रेरणादायक संदेशों के साथ हुआ। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी दिनों में भी बच्चे इसी उत्साह के साथ सहभागिता करते हुए शिविर से प्राप्त शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारेंगे और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनेंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्‌टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज